# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र – 2023–24

## कक्षा : बारहवीं

## विषय : हिन्दी (आधार)

अनुक्रमांक –

विषय कोड : 502      प्रश्न–पत्र कोड : A

निर्धारित समय : 3 घंटे      पूर्णांक : 80

**सामान्य निर्देश –**

1 इस प्रश्नपत्र में दो खण्ड हैं– **खण्ड (अ)** और **खण्ड (ब)**। **खंड (अ)** में बहुविकल्पीय और **खंड (ब)** में वर्णनात्मक प्रश्न हैं।

2 **खण्ड अ** में कुल 8 प्रश्नों के 40 बहुविकल्पीय पूछे गए हैं।

3 **खंड ब** में कुल 8 प्रश्न हैं। निर्देशानुसार विकल्पों का ध्यान रखते हुए सभी प्रश्न के उत्तर देना अनिवार्य है।

4 प्रश्नपत्र के दोंनों खंडों में प्रश्नों की कुल संख्या 16 है और सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

5 प्रश्नों का उत्तर लिखते समयक्रम संख्या अवश्य लिखें।

6 सभी प्रश्ना के उत्तर क्रमानुसार लिखें।

| खण्ड– (अ) बहुविकल्पीय/वस्तुपरक प्रश्न | | |
|---|---|---|
| **प्रश्न संख्या** | **अपठित बोध** | **अंक** |
| **प्रश्न न• 1** | **निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** | **5 x 1 = 5** |
| | पश्चिमी सभ्यता मुख मोड़ रही है। वह एक नया आदर्श देख रही है। अब उसकी चाल बदलने लगी है। वह कलों की पूजा को छोड़कर मनुष्यों की पूजा को अपना आदर्श बना रही है। इस आदर्श के दर्शाने वाले देवता रस्किन और टालस्टॉय आदि हैं। पाश्चात्य देशों में नया प्रभात होने वाला है। वहाँ के गंभीर विचार वाले लोग इस प्रभात का स्वागत करने के लिए उठ खड़े हुए हैं। प्रभात होने के पूर्व ही उसका अनुभव कर लेने वाले पक्षियों की तरह इन महात्माओं को इस नए प्रभात का पूर्व ज्ञान हुआ है और हो क्यों न? इंजनों के पहिए के नीचे दबकर वहाँ वालों के भाई – | |

Download from www.MsEducationTv.com

| | | |
|---|---|---|
| | बहन – नहीं नहीं उनकी सारी जाति पिस गई, उनके जीवन के धुरे टूट गए, उनका समस्त धन घरों से निकलकर एक ही दो स्थानों में एकत्र हो गया।<br>साधारण लोग मर रहे हैं, मज़दूरों के हाथ-पाँव फट रहे हैं, लहू बह रहा है! सर्दी से ठिठुर रहे हैं। एक तरफ दरिद्रता का अखंड राज्य है, दूसरी तरफ अमीरी का चरम दृश्य। परंतु अमीरी भी मानसिक दुखों से विमर्दित है। मशीनें बनाई तो गई थीं मनुष्यों का पेट भरने के लिए – मज़दूरों को सुख देने के लिए – परंतु वे काली-काली मशीनें ही काली बनकर उन्हीं मनुष्यों का भक्षण कर जाने के लिए मुख खोल रही हैं। प्रभात होने पर ये काली-काली बलाएँ दूर होंगी। मनुष्य के सौभाग्य का सूर्योदय होगा।<br>शोक का विषय यह है कि हमारे और अन्य पूर्वी देशों में लोगों को मज़दूरी से तो लेशमात्र भी प्रेम नहीं है, पर वे तैयारी कर रहे हैं पूर्वोक्त काली मशीनों का आलिंगन करने की। पश्चिम वालों के तो ये गले पड़ी हुई बहती नदी की काली कमली हो रही हैं। वे छोड़ना चाहते हैं, परंतु काली कमली उन्हें नहीं छोड़ती। देखेंगे पूर्व वाले इस कमली को छाती से लगाकर कितना आनंद अनुभव करते हैं। यदि हममें से हर आदमी अपनी दस उँगलियों की सहायता से साहसपूर्वक अच्छी तरह काम करे तो हम मशीनों की कृपा से बढ़े हुए परिश्रम वालों को वाणिज्य के जातीय संग्राम में सहज ही पछाड़ सकते हैं। सूर्य तो सदा पूर्व ही से पश्चिम की ओर जाता है। पर आओ पश्चिम से आने वाली सभ्यता के नए प्रभात को हम पूर्व से भेजें। इंजनों की वह मज़दूरी किस काम की जो बच्चों, स्त्रियों और कारीगरों को ही भूखा नंगा रखती है और केवल सोने, चाँदी, लोहे आदि धातुओं का ही पालन करती है। पश्चिम को विदित हो चुका है कि इनसे मनुष्य का दुख दिन पर दिन बढ़ता है। | |
| (i) | संदर्भ के अनुसार गद्यांश में '**विमर्दित**' शब्द का सटीक अर्थ क्या हो सकता है?<br>(क) ठगी हुई<br>(ख) ग्लानि पूर्ण<br>(ग) ईर्ष्या पूर्ण<br>(घ) पीड़ा पूर्ण | 1 |
| (ii) | गद्यांश में मशीनों को '**काली मशीनें**' कहना किस बात की ओर संकेत करता है?<br>(क) काला रंग शोक का प्रतीक होता है।<br>(ख) मशीनों द्वारा जन साधारण में बेरोज़गारी बढ़ाने के कारण<br>(ग) माँ दुर्गा के अवतार काली के जैसे भक्षण करने के कारण<br>(घ) मशीनों से अमीरों द्वारा काले धन अर्जन करने के कारण | 1 |

Download from www.MsEducationTv.com

| | | |
|---|---|---|
| (iii) | **"इंजनों के पहिए के नीचे दबकर वहाँ वालों के ______" इस प्रक्रिया के क्या परिणाम हुए?**<br>(क) आर्थिक संपदा का अनुचित वितरण<br>(ख) भाई बहनों व अन्य रिश्तेदारों में दुराव<br>(ग) समस्त जाति द्वारा कठिन परिश्र<br>(घ) मशीनों द्वारा मनुष्यों का संरक्षण | 1 |
| (iv) | **गद्यांश के अनुसार साधारण लोग क्यों मर रहे हैं?**<br>(क) कम मजदूरी मिलने कारण हुई बीमारियों से<br>(ख) हाथ-पाँव फटने, खून रिसने और सर्दी के कारण<br>(ग) मानव श्रम से ज्यादा मशीनों को महत्त्व मिलने के कारण<br>(घ) कार्य क्षेत्रों के विषैले पर्यावरण व खाने की कमी से | 1 |
| (v) | **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए –**<br>**कथन (I):** मानवीय दक्षता को महत्त्व देना चाहिए।<br>**कथन (II):** मनुष्य तथा मानवीयता से प्रेम करना चाहिए।<br>**कथन (III):** अपनी चाल को बदल लेना चाहिए।<br>**कथन (IV):** मानव जीवन को आदर्श मानना चाहिए।<br>**गद्यांश के अनुसार कौन – सा/से कथन सही हैं?**<br>(क) केवल कथन। सही है।<br>(ख) केवल कथन ॥ सही है।<br>(ग) केवल कथन ॥ और III सही हैं।<br>(घ) केवल कथन। और IV सही हैं। | 1 |
| **प्रश्न न• 2** | **निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** | **5 x 1 = 5** |
| | थकी हारी लौटी है वो ऑफिस से अभी-<br>टिफिन बॉक्स को रसोई में रखती है<br>मुँह पर पानी के छींटे मारती है<br>बाहर निकल आई लट को वापस खोंसती है<br>बालों में<br>आँखों को हौले से दबाती है हथेलियों से<br>उठती है और रसोईघर की ओर जाने को होती है<br>मैं कहता हूँ, बैठो, तुम, आज मै चाय बनाता हूँ!<br>मेरी आवाज की नोक मुझी को चुभती है।<br>गैस जलाकर चाय का पानी चढ़ाता हूँ<br>दूसरे ही पल आवाज़ लगाता हूँ | |

Download from www.MsEducationTv.com

| | | |
|---|---|---|
| | सुनो शक्कर किस डिब्बे में रखी है<br>और चाय की पत्ती कहाँ है?<br>साड़ी का पल्लू कमर में खोंसती हुई वो आती है<br>मुझे हटाते हुए कहती है— हटो, तुम्हें नहीं मिलेगी कोई चीज़।<br>होठों को तिरछा करती अजीब ढंग से मुसकराती है<br>मुश्किल है कि मुसकराहट का ठीकठीक अर्थ-<br>समझ पाना<br>जैसे कहती हो यह मेरी सृष्टि है<br>तुम नहीं जान पाओगे कभी<br>कि किन बादलों में रखी है बारिशें, किनमें रखा है कपास<br>कोई डब्बा खोलते हुए कहती हैः<br>यह तो मैं हूँ कि अबेर रखा है सब कुछ<br>वरना तुम तो ढूँढ़ नहीं पाते अपने आपको<br>जाओ बाहर जाकर टीदेखो -वी-<br>एक काम पूरा नहीं करोगे और फैला दोगे<br>मेरी पूरी रसोई ! | |
| (i) | **'यह तो मैं हूँ कि अबेर रखा है सब कुछ'— पत्नी ने क्या अबेर रखा है?**<br><br>(क) रसोईघर की ज़िम्मेदारी<br>(ख) बच्चों और पति की ज़िम्मेदारी<br>(ग) पूरी गृहस्थी की ज़िम्मेदारी<br>(घ) घर और बाहर की ज़िम्मेदारी | |
| (ii) | **प्रस्तुत कविता का वर्ण्य विषय है—**<br><br>(क) कामकाजी महिलाओं की स्थिति का वर्णन<br>(ख) चाँद तक पहुँचने वाली महिला की वास्तविक स्थिति का वर्णन<br>(ग) भारतीय समाज में महिलाओं की स्थिति का वर्णन<br>(घ) भारतीय समाज की पुरुषवादी सोच का वर्णन | |
| (iii) | **'मेरी आवाज़ की नोक मुझी को चुभती है'— आशय है—**<br><br>(क) पति को अपनी आवाज़ नोक जैसी लगती है।<br>(ख) पति को अपनी तीखी आवाज़ अच्छी नहीं लगती। | |

Download from www.MsEducationTv.com

| | | |
|---|---|---|
| | (ग) पति को अपनी ही भारी-भरकम आवाज़ चुभती है।<br>(घ) पति को अपनी ही आवाज़ व्यंग्यपूर्ण लगती है। | |
| (iv) | **'किन बादलों में रखी बारिशें, किनमें रखा है कपास' का क्या अभिप्राय है?**<br>(क) कौन-से बादल बरसेंगे और कौन-से नहीं?<br>(ख) कौन-से बादल बरसेंगे और कौन-से रुई की तरह उड़ जाएँगे?<br>(ग) घर का कौन-सा समान कहाँ रखा है?<br>(घ) रसोई में चीनी कहाँ रखी और चायपत्ती कहाँ? | |
| (v) | **'महिला द्वारा पल्लू कमर में खोंसना'— का अर्थ है—**<br>(क) वह रसोईघर की लड़ाई लड़ने को तैयार है।<br>(ख) वह रसोईघर में चाय बनाने को तैयार है।<br>(ग) वह पति को चीनी चायपत्ती बताने को तैयार है।<br>(घ) वह बिखरी रसोई समेटने को तैयार है। | |
| | **अथवा**<br>माँ मेरे अकेलेपन के बारे में सोच रही है।<br>पानी गिर नहीं रहा पर, गिर सकता है किसी भी समय<br>मुझे बाहर जाना है और माँ चुप है कि मुझे बाहर जाना है।<br>यह तय है<br>कि मैं बाहर जाऊँगा तो माँ को भूल जाऊँगा<br>जैसे मैं भूल जाऊँगा उसकी कटोरी<br>उसका गिलास<br>वह सफेद साड़ी जिसमें काली किनारी है<br>मैं एकदम भूल जाऊँगा<br>जिसे इस समूची दुनिया में माँ<br>और सिर्फ़ मेरी माँ पहनती है<br>उसके बाद सरदियाँ आ जाएँगी<br>और मैंने देखा है कि सरदियाँ जब भी आती हैं<br>तो माँ थोड़ा और झुक जाती है<br>अपनी परछाईं की तरफ<br>ऊन के बारे में उसके विचार | |

Download from www.MsEducationTv.com

| | | |
|---|---|---|
| | बहुत सख्त हैं<br>मृत्यु के बारे में बेहद कोमल<br>पक्षियों के बारे में<br>वह कभी कुछ नहीं कहती<br>हालाँकि नींद में<br>वह खुद एक पक्षी की तरह लगती है<br>जब वह बहुत ज़्यादा थक जाती है<br>तो उठा लेती है सुई और तागा<br>मैंने देखा है कि जब सब सो जाते हैं<br>तो सुई चलाने वाले उसके हाथ<br>देर रात तक<br>समय को धीरेधीरे सिलते हैं।-<br>जैसे वह मेरा फटा हुआ कुरता हो<br>पिछले साठ बरसों से<br>एक सुई और तागे के बीच<br>दबी हुई है माँ<br><br>हालाँकि वह खुद एक करघा है<br>जिस पर साठ बरस बुने गए हैं। | |
| (i) | प्रस्तुत कविता का मूल भाव है।<br><br>**(क)** प्रगति के लिए रिश्तों में आए बिखराव की पीड़ा<br><br>(ख) सुविधा के लिए रिश्तों में आए बिखराव की पीड़ा<br><br>(ग) आधुनिक जीवन की विवशता ।<br><br>(घ) अपनों से बिछुड़ने की विवशता | |
| (ii) | माँ की चुप्पी के कारण के विषय में कौन-सा कथन असत्य है।<br><br>(क) बेटे का अजनबी प्रदेश में जाना<br><br>(ख) अजनबी प्रदेश में बेटे का अकेलापन<br><br>(ग) अपने अकेलेपन की चिंता<br><br>(घ) बेटे का उससे बिछड़कर दूर जाना | |

Download from www.MsEducationTv.com

| | | |
|---|---|---|
| (iii) | 'पानी गिरा नहीं पर, गिर सकता है किसी भी समय' का आशय है—<br><br>(क) किसी भी समय वर्षा हो सकती है।<br><br>(ख) माँ की आँखों से कभी भी आँसू गिर सकते हैं।<br><br>(ग) माँ के सब्र का बाँध कभी भी टूट सकता है।<br><br>(घ) माँ की हिम्मत कभी भी ज़वाब दे सकती है। | |
| (iv) | कवि की चिंता का मुख्य कारण– – – – – है।<br><br>(क) शहरी परिवेश में माँ को भूल जाना<br><br>(ख) बढ़ती उम्र में माँ का स्वास्थ्य<br><br>(ग) बढ़ती उम्र में माँ का अकेलापन<br><br>(घ) शहरी परिवेश में जुड़ी चीजें भूल जाना | |
| (v) | **उपर्युक्त काव्यांश को पढ़कर कथन (A) और कारण (R) के उचित विकल्प चुनिए।**<br><br>**कथन (A)** माँ सुई और तागे से समय की गति को सिलने का प्रयास कर रही है।<br><br>**कारण (R)** बदलते समय की चिन्ता करते हुए अपने परिवार को इक्ट्ठा रखने का प्रयास कर रही है।<br><br>(क) कथन (A) सही है किंतु कारण (R) गलत है।<br>(ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत है।<br>(ग) कथन (A) सही है और कारण (R) उसकी सही व्याख्या है।<br>(घ) कथन (A) सही है किंतु कारण (R) उसकी गलत व्याख्या है। | |
| **प्रश्न न• 3** | **काव्य पर आधारित निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** | **5 x 1= 5** |
| **(i)** | **' आत्मपरिचय' कविता में कवि क्या नहीं लिए फिरता है।**<br>(क) निज उर के उद्गार<br>(ख) निज उर के उपहार<br>(ग) स्वपनों का संसार | |

Download from www.MsEducationTv.com

| | | |
|---|---|---|
| | (घ) चमन की बहार | |
| **(ii)** | **' बात सीधी थी पर ' नामक कविता मे कवि ने** भाषा **के संदर्भ में कौन–सा कथन सत्य है।**<br>(क) भाषा की जटिलता<br>(ख) भाषा की सहजता<br>(ग) भावों की गरिमा<br>(घ) भावों की सरलता | |
| (iii) | **बगुलों के पंख काले बादलों के ऊपर तैरते किसके समान प्रतीत होते हैं?**<br>(क) प्रातःकाल की संदूरी काया<br>(ख) सांयकाल की पीली काया<br>(ग) रात्रि की काली काया<br>(घ) साँझ की श्वेत काया | |
| (iv) | **मानव जीवन में – – – – छाया का आवागमन चलता रहता है।**<br>(क) सुख– दुखः की<br>(ख) शान्ति– अशान्ति की<br>(ग) स्थिर – अस्थिर की<br>(घ) गतिहीन – गतिशील | |
| (v) | **'लक्ष्मण–मूर्च्छा और राम का विलाप'** नामक कविता के आधार पर **कॉलम अ** का **कॉलम ब** के साथ उचित मिलान कीजिए।<br><br>**कॉलम अ** / **कॉलम ब**<br>1 बिपिन — (i) वायु<br>2 आतप — (ii) जंगल<br>3 बाता — (iii) गर्मी<br><br>(क) 1– (i) , 2–(ii) , 3– (iii)<br>(ख) 1– (ii) , 2–(iii) , 3– (i)<br>(ग) 1– (ii) , 2–(i) , 3– (iii)<br>(घ) 1– (iii) , 2–(ii) , 3 –(i) | |

Download from www.MsEducationTv.com

| प्रश्न न• 4 | **गद्य पर आधारित निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** | **5 x 1= 5** |
|---|---|---|
| **(i)** | **भक्तिन के पति की मृत्यु के बाद ससुरवालों ने उसके पुनर्विवाह कराने का – – – – कारण था।**<br>(क) भक्तिन के सुखी वैवाहिक जीवन व्यतीत करवाने का।<br>(ख) भक्तिन की घर–संपत्ति को हथियाने का<br>(ग) भक्तिन से छुटकारा पाने का<br>(घ) भक्तिन को पुनः समाज में सम्मान दिलवाने का | 1 |
| **(ii)** | **बाजार को सार्थकता प्रदान करने वाले व्यक्ति के संबंध में निम्न में से कौन–सा कथन सही है?**<br>(क) घर की आवश्यकतानुसार वस्तुएं खरीदने वाला<br>(ख) फिजुल की वस्तुओं की खरीददारी करने वाला<br>(ग) धन अधिक होने के कारण समाज में प्रभाव का दिखावा करने वाला<br>(घ) सामान की खरीद करने करने की विशेषता न होने वाला | 1 |
| (iii) | **लुट्टन के दोनों पुत्रों की मृत्यु का क्या कारण था?**<br>(क) पड़ोसी से लड़ाई में<br>(ख) करंट लगने से<br>(ग) सड़क दुर्घटना में<br>(घ) मलेरिया– हैजे की बीमारी से | 1 |
| (iv) | इंद्र **सेना पर पानी फेंकने को लेखक क्या मानता था?**<br>(क) अंधविश्वास<br>(ख) पाखण्ड<br>(ग) (क) और (ख) दोनों<br>(घ) इनमें से कोई नहीं | 1 |
| (v) | **' शिरीष के फूल '** नामक पाठ के आधार पर **कॉलम अ** के कथन को **कॉलम ब** से सुमेलित करके सही विकल्प चुनिए। | 1 |

| **कॉलम अ** | **कॉलम ब** |
|---|---|
| **1 जो फरा सो झरा, जो बरा तो बुताना** | (i) विज्जिका देवी |
| **2 एक कवि ब्रह्मा थे दूसरे वाल्मीकि और तीसरे व्यास** | (ii) कबीरदास |

Download from www.MsEducationTv.com

| | | |
|---|---|---|
| | **3 दिन दस फूला फूलि के खंखड भया पलाश** \| (iii) तुलसीदास<br><br>(क) 1– (i) , 2–(iii) , 3 –(ii)<br>(ख) 1– (ii) , 2–(i) , 3 –(iii)<br>(ग) 1– (iii) , 2–(i) , 3 –(ii)<br>(घ) 1– (iii) , 2–(ii) , 3 –(i) | |
| **प्रश्न न• 5** | **वितान भाग–2 पर आधारित निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** | **5 x 1= 5** |
| **(i)** | **किशनदा की सेवानिवृति के बाद यशोधर बाबू के उन्हें अपने घर न रख पाने का कारण था –**<br>(क) किशनदा के उनके प्रस्ताव को अस्वीकार करने के कारण<br>(ख) अपने घर वालों के उन्हें पसंद न करने के कारण<br>(ग) अपने परिवार को नाराज न करने के कारण<br>(घ) अपने घर में अतिरिक्त कमरा न होने के कारण | 1 |
| **(ii)** | **लेखक का पाठशाला में विश्वास बढ़ने के क्या कारण थे?**<br>(क) शिक्षकों का अपनत्व<br>(ख) बसंत पाटिल की मित्रता<br>(ग) संघर्षमयी प्रवृत्ति<br>(घ) उपरोक्त सभी | 1 |
| (iii) | **गाँव भर में लेखक का कोल्हू सबसे पहले – – – –शुरू होता था।**<br>(क) भाव अधिक लेने के लिए<br>(ख) मजदूर आसानी से मिलने के कारण<br>(ग) ईख तैयार होने से<br>(घ) ईख की मात्रा अधिक होने के कारण | 1 |
| (iv) | **मुअनजो–दड़ो के मकानों के संबंध में कौन–सा कथन सत्य नहीं है।**<br>(क) मुख्य सड़क के दोनों ओर बने घरों की पीठ ही दिखाई देती है।<br>(ख) हर घर में एक स्नानघर है।<br>(ग) प्रत्येक घर की अपनी अलग वास्तुशैली है।<br>(घ) प्रत्येक घर की सामने की दिवार में केवल प्रवेश द्वार बना है। | 1 |

Download from www.MsEducationTv.com

| | | |
|---|---|---|
| (v) | **'जूझ' नामक पाठ के कथन (A) और (R) को पढ़कर उचित विकल्प चुनिए।**<br>**कथन (A) यशोधर बाबू के मातहत उन्हें पसंद नहीं करते थे।**<br>**कारण (R) उनके कारण उन्हें दफतर में देर तक बैठना पड़ता था।**<br>(क) कथन (A) सही है किंतु कारण (R) गलत है।<br>(ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत है।<br>(ग) कथन (A) गलत है किंतु कारण (R) उसकी व्याख्या सही है।<br>(घ) कथन (A) सही है और कारण (R) उसकी सही व्याख्या है। | 1 |
| **प्रश्न न• 6** | **अभिव्यक्ति और माध्यम पर आधारित निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** | **5 x 1= 5** |
| **(i)** | **संबंधित घटना के दृश्य बाइट व ग्राफिक द्वारा खबर को संपूर्णता से पेस करना कहलाता है–**<br>(क) एंकर विजुअल<br>(ख) एंकर बाइट<br>(ग) एंकर पैकेज<br>(घ) ड्राई एंकर | 1 |
| **(ii)** | **पत्रकारिता की आरंभिक अवस्था – – – – मानी जाती है।**<br>(क) पत्रकारिता<br>(ख) विशेषीकृत रिपोर्टिंग<br>(ग) (क) और (ख) दोनों<br>(घ) बीट रिपोर्टिंग | 1 |
| (iii) | **फीचर के संबंध में निम्न में से कौन–सा कथन असत्य है–**<br>(क) फ़ीचर लेखन की कोई निश्चित शैली नहीं होती।<br>(ख) फ़ीचर में लेखक अपनी राय दे सकता है।<br>(ग) फ़ीचर की भाषा मन को छूनेवाली होती है।<br>(घ) फ़ीचर में शब्दों की एक निश्चित सीमा होती है। | 1 |
| (iv) | **कॉलम (A) का कॉलम (B) से उचित मिलान कीजिए–** | 1 |

| कॉलम (A) | कॉलम (B) |
|---|---|
| (1) बीट रिपोर्टर | (i) निवेशक |

Download from www.MsEducationTv.com

| | | |
|---|---|---|
| | (2) फीचर — (ii) संवाददाता<br>(3) कारोबार — (iii) घुटने टेकना<br>(4) खेल — (iv) कथात्मक<br><br>(क) (1) –(iii) , (2) –(iv) , (3) –(i) , (4) –(ii)<br>(ख) (1) –(ii) , (2) –(iv) , (3) –(i) , (4) –(iii)<br>(ग) (1) –(iii) , (2) –(ii) , (3) –(i) , (4) –(ii)<br>(घ) (1) –(i) , (2) – (iii) , (3) –(iv) , (4) –(ii) | |
| (v) | **समाचार लेखन की प्रभावशाली शैली – – – – है।**<br>(क) वर्णनात्मक शैली<br>(ख) उल्टा पिरामिड शैली<br>(ग) पिरामिड शैली<br>(घ) विवेचनात्मक शैली | 1 |
| **प्रश्न न॰ 7** | **व्याकरण पर आधारित निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** | **5 x 1= 5** |
| **(i)** | निम्न में से **व्यंजन सन्धि का सही उदाहरण है**–<br>(क) उल्लास , संगम , तथास्तु<br>(ख) संभावना , सद्‌भावना , बहिष्कार<br>(ग) (क) और (ख) दोनों<br>(घ) उल्लास , संगम , सम्भावना | 1 |
| **(ii)** | **निम्नलिखित में कॉलम A को कॉलम B के शब्दों को उचित समास से मिलान कीजिए।**<br><br>**कॉलम A** — **कॉलम B**<br>1 **योगदान** — (i) तत्पुरुष समास<br>2 **भाई–बहन** — (ii) द्विगु समास<br>3 **रसगुल्ला** — (iii) कर्मधारय समास<br>4 **पंचामृत** — (iv) द्वन्द्व समास | 1 |

Download from www.MsEducationTv.com

| | | |
|---|---|---|
| | (क) 1– (ii) , 2 –(iv) , 3– (ii) , 4 –(i)<br>(ख) 1 –(iii) , 2–(iv) , 3– (i) , 4– (ii)<br>(ग) 1– (i) , 2–(ii) , 3 –(iv) , 4– (iii)<br>(घ) 1– (iv) , 2–(i) , 3 –(iii) , 4 –(ii) | |
| (iii) | '**देशान्तर**' शब्द में – – – समास है।<br>(क) अव्ययीभाव<br>(ख) द्वन्द्व<br>(ग) कर्मधारय<br>(घ) तत्पुरुष | 1 |
| (iv) | '**उस पर घड़ों पानी गिर गया।**' इस वाक्य में कौन–सा दोष है ?<br>(क) शब्द–क्रम संबंधी दोष<br>(ख) मुहावरे संबंधी दोष<br>(ग) पुनरुक्ति संबंधी दोष<br>(घ) परसर्ग संबंधी दोष | 1 |
| (v) | **निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य छाँटिए ।**<br>(क) वह दस आम लेकर आया।<br>(ख) वह दस आमों को लेकर आया।<br>(ग) वह दसों आम लेकर आया।<br>(घ) वह दसियों आम लेकर आया। | 1 |
| **प्रश्न न• 8** | **नैतिक शिक्षा पर आधारित निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** | **5 x 1= 5** |
| **(i)** | **उपकार के बदले प्रत्युपकार करना – – – – – धर्म है।**<br>(क) जैन धर्म<br>(ख) शैव धर्म<br>(ग) सनातन धर्म<br>(घ) वैष्णव धर्म | 1 |
| **(ii)** | **हेमू के संदर्भ में निम्न में से कथन सत्य नहीं है।**<br>(क) बंगाल में हेमू ने मुहम्मद शाह की सेना का सफाया किया।<br>(ख) हेमू का जन्म हरियाणा राज्य के खरक गांव में हुआ। | 1 |

Download from www.MsEducationTv.com

| | | |
|---|---|---|
| | (ग) हेमू रायपूरण दास के पुत्र थे।<br>(घ) हेमू ने अपने जीवनकाल में छोटे–बड़े 22 युद्ध जीते। | |
| (iii) | **जज द्वारा मृत्युदण्ड सुनाए जाने पर करतार सिंह सराबा ने क्या कहा?**<br>(क) आपका धन्यवाद<br>(ख) मुझे माफ करें<br>(ग) मेरे केस की सुनवाई दोबारा करें<br>(घ) चुपचाप बैठ गए | 1 |
| (iv) | **' बोस शोध संस्थान ' की स्थापना कब हुई ?**<br>(क) 1912 में<br>(ख) 1917 में<br>(ग) 1923 में<br>(घ) 1929 में | 1 |
| (v) | **कॉलम (A) का कॉलम (B) से उचित मिलान कीजिए–** | 1 |

| कॉलम (A) | कॉलम (B) |
|---|---|
| (1) दुर्गा भाभी पर पहला वज्रपात | (i) तृतीय |
| (2) दुर्गा भाभी पर दूसरा वज्रपात | (ii) बम–परीक्षण में भगवती चरण की मृत्यु के कारण |
| (3) दुर्गा भाभी ने भगत सिंह के साथ रेलवे के किस श्रेणी के डिब्बे में यात्रा की। | (iii) चन्द्रशेखर आजाद के शहीदी के कारण |
| (4) राजगुरु ने नौकर बनकर रेलवे के किस श्रेणी के डिब्बे में यात्रा की। | (iv) प्रथम |

(क) (1) –(iii) , (2) –(iv) , (3) –(i) , (4) –(ii)

(ख) (1) –(ii) , (2) –(iii) , (3) –(iv) , (4) –(i)

(ग) (1) –(iv) , (2) –(i) , (3) –(iii) , (4) –(ii)

(घ) (1) –(i) , (2) –(ii) , (3) –(iv) , (4) –(iii)

Download from www.MsEducationTv.com

| खण्ड– ब<br>वर्णनात्मक प्रश्न | | |
|---|---|---|
| **प्रश्न न• 9** | **निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए ।** | **5** |
| | **मैं निज रोदन में राग लिए फिरता हूँ ,<br>शीतल वाणी में आग लिए फिरता हूँ ,<br>हों जिस पा भूपों के प्रसाद निछावर,<br>मैं वह खंडहर का भाग लिए फिरता हूँ।** | |
| | **अथवा** | |
| | **निम्नलिखित पद्यांश के प्रश्नों का उचित उत्तर दीजिए।** | **5** |
| | अट्टालिका नहीं है रे<br>आतंक– भवन<br>सदा पंक पर ही होता<br>जल– विप्लव–प्लावन,<br>क्षुद्र प्रफुल्ल जलज से<br>सदा छलकता नीर,<br>रोग–शोक में भी हँसता है<br>शैशव का सुकुमार शरीर।<br>**प्रश्न** : | |
| **(i)** | कवि और कविता का नाम लिखिए । | **1** |
| **(ii)** | क्रान्ति का प्रभाव सदा किस वर्ग पर और किस रूप में पड़ता है? | **1** |
| **(iii)** | पंक और अट्टालिका किसके प्रतीक हैं? | **1** |
| **(iv)** | रोग–शोक में भी शैशव का सुकुमार शरीर क्यों हँसता रहता है? | **1** |
| **(v)** | ‘क्षुद्र प्रफुल्ल जलज से सदा छलकता नीर’ का भाव स्पष्ट कीजिए। | **1** |
| **प्रश्न न• 10** | **निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए ।** | **5** |
| | इन बातों को आज पचास से ज्यादा बरस होने को आए पर ज्यों के त्यों मन पर दर्ज हैं। कभी–कभी कैसे–कैसे संदर्भों में ये बातें मन को कटोच जाती हैं, हम आज देश के लिए करते क्या हैं? माँगे हर क्षेत्र में बड़ी–बड़ी हैं पर त्याग का कहीं नाम–निशान नहीं है। अपना स्वार्थ आज एकमात्र लक्ष्य रह गया है। हम चटखारे | |

Download from www.MsEducationTv.com

| | | |
|---|---|---|
| | लेकर इसके या उसके भ्रष्टाचार की बातें करते हैं पर क्या कभी हमने जाँचा है कि अपने स्तर पर अपने दायरे में हम उसी भ्रष्टाचार के अंग तो नहीं बन रहे हैं? | |
| | **अथवा** | |
| | **निम्नलिखित गद्यांश के प्रश्नों का उचित उत्तर दीजिए।** | **5** |
| | किसी भी आदर्श समाज में इतनी गतिशीलता होनी चाहिए जिससे कोई भी वांछित परिवर्तन समाज के एक छोर से दूसरे छोर तक संचारित हो सके। ऐसे समाज के बहुविधि हितों में सबका भाग होना चाहिए तथा सबको उनकी रक्षा के प्रति सजग रहना चाहिए। सामाजिक जीवन में अबाध संपर्क के अनेक साधन व अवसर उपलब्ध रहने चाहिए। तात्पर्य यह है कि दूध–पानी के मिश्रण की तरह भाईचारे का वास्तविक रूप है और इसी का दूसरा नाम लोकतंत्र है। क्योंकि लोकतंत्र केवल शासन की एक पद्धति ही नहीं है, लोकतंत्र मूलतः सामूहिक दिनचर्या की एक रीति तथा समाज के सम्मिलित अनुभवों के आदान–पदान का नाम है, इनमें यह आवश्यक है कि अपने साथियों के प्रति श्रद्धा व सम्मान का भाव हो।<br><br>**प्रश्न :** | |
| (i) | लेखक और पाठ का नाम लिखिए। | **1** |
| (ii) | लेखक ने समाज में कैसे भाईचारे का समर्थन किया है ? | **1** |
| (iii) | सक्षम श्रमिक समाज का निर्माण करने के लिय क्या आवश्यक है? | **1** |
| (iv) | लेखक ने समाज में किस प्रकार की गतिशीलता की बात की है? | **1** |
| (v) | आपके विचार से श्रम विभाजन का आधार क्या होना चाहिए ? | **1** |
| **प्रश्न न• 11** | **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर अपनी भावाभिव्यक्ति करते हुए लगभग 250 शब्दों में रचनात्मक लेख लिखिए।** | **5** |
| **(i)** | हरियाणा सरकार की महत्त्वकांशी योजना **परिवार पहचान पत्र** | |
| **(ii)** | भारतीय युवा की डोंकी के माध्यम से विदेश जाने की मानसिकता | |
| (iii) | आप 18 वर्ष के कमल हैं। आप पहली बार भारतीय मतदाता बनकर किसी चुनाव बुथ पर मतदान करने जा रहे हैं। अचानक दो गुटों में भयंकर लड़ाई शुरु हो जाती है। ऐसी स्थिति में आप अपने पहले मतदान का सदुपयोग करने के लिए जो योजना बनाएंगे। उसका 150 शब्दों में वर्णन कीजिए। | |
| (iv) | **निम्नलिखित चित्र देखकर संभावित द्वंद्वों का उल्लेख करते हुए वर्णन कीजिए।** | |

Download from www.MsEducationTv.com

| | | |
|---|---|---|
| |  | |
| **प्रश्न न॰ 12** | **काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दर्शाए गए अंकों के अनुसार उपयुक्त शब्दों मे दीजिए।** | **3+2=5** |
| **(i)** | **'पतंग' कविता का प्रतिपाद्य स्पष्ट कीजिए।** | **3** |
| **(ii)** | भोर के नभ को राख से लिपा गया चौका क्यों कहा गया है? | **2** |
| **प्रश्न न॰ 13** | **गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दर्शाए गए अंकों के अनुसार उपयुक्त शब्दों मे दीजिए।** | **3+2=5** |
| **(i)** | भक्तिन के जीवन की किन्हीं तीन चारित्रिक विशेषताओं का वर्णन कीजिए। | **3** |
| **(ii)** | हृदय की कोमलता को बचाने के लिए व्यवहार की कठोरता भी कभी–कभी ज़रूरी हो जाती है – पाठ के आधार पर स्पष्ट करें। | **2** |
| **प्रश्न न॰ 14** | **'वितान भाग–2' पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दर्शाए गए अंकों के अनुसार उपयुक्त शब्दों मे दीजिए।** | **3+2=5** |
| **(i)** | यशोधर बाबू की पत्नी समय के साथ ढलने में सफल होती है लेकिन व स्वयं असफल होते हैं। ऐसा क्यों ? | **3** |
| **(ii)** | मुअनजो–दड़ो में जल निकासी की व्यवस्था का वर्णन कीजिए। | **2** |
| **प्रश्न न॰ 15** | **'व्याकरण' पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दर्शाए गए अंकों के अनुसार उपयुक्त शब्दों मे दीजिए।** | **3+2=5** |
| **(i)** | श्लेष अलंकार का लक्षण बताते हुए उदाहरण दीजिए। | **3** |
| **(ii)** | स्वर संधि को उदाहरण सहित परिभाषित कीजिए । | **2** |

Download from www.MsEducationTv.com

| | | |
|---|---|---|
| **प्रश्न न॰ 16** | **‘ नैतिक शिक्षा ’** पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दर्शाए गए अंकों के अनुसार उपयुक्त शब्दों मे दीजिए। | **3+2= 5** |
| **(i)** | स्वच्छ रहना हमारे लिय क्यों आवश्यक है? | **3** |
| **(ii)** | बुद्ध द्वारा पहचाने गए किन्हीं दो सत्यों का वर्णन कीजिए। | **2** |

Download from www.MsEducationTv.com